दिन– शनिवार दिनांक– 07 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हो रहे हैं। श्री धनखड़ ग्यारह छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। इनमें तीन छात्राओं को चांसलर मेडल दिया जाएगा। कुल चार सौ तैंतीस छात्र– छात्राओं को उपाधि प्रदान की जायेगी। इधर, आज पटना पहुंचने पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार एक फरवरी से पंद्रह फरवरी के बीच इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। वहीं, मैट्रिक की परीक्षा का आयोजन सत्रह फरवरी से पच्चीस फरवरी तक होगा। बोर्ड ने कहा है कि मार्च या अप्रैल महीने में दोनों परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद सप्लीमेंट्री और विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। मई–जून महीने तक इन परीक्षाओं का परिणाम जारी होगा। वहीं, राज्य के सभी डीएलएड शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा सत्ताईस फरवरी को होगी।

————————————————————

बिहार में दुर्गापूजा, दीपावली और छठ के दौरान लगभग एक करोड़ अस्सी लाख यात्रियों ने ट्रेन से यात्रा की। अक्टूबर और नवम्बर में इकसठ दिनों के दौरान नियमित ट्रेन के अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन के उनासी हजार नौ सौ नब्बे फेरे चले। इसके साथ ही गर्मियों की छुट्टी में विशेष रेलगाड़ियों ने तेरह हजार पांच सौ तेईस फेरे लगाए थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह के एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज के कटैया में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध उत्पादन संयंत्र का शिलान्यास किया। इस संयंत्र के निर्माण पर साठ करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर पशु और मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

---

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में चार हजार एक सौ पैंतीस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। विभागीय मंत्री नीरज कुमार सिंह बब्लू ने बताया कि ये नियुक्तियां बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

---

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। यह दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए देशवासियों से धन संग्रह के प्रति समर्पित दिन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सैन्य बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने भारत की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सेना की सराहना की और सभी से झंडा दिवस कोष में स्वेच्छा से योगदान देने का आग्रह किया। इधर, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेंद्र कुमार ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य सरकार के कई अधिकारियों को झंडा लगाया।

---

आयकर विभाग की टीम ने मोतिहारी स्थित एक चावल कंपनी के सात ठिकानों पर छापेमारी की है। मोतिहारी के अलावा रक्सौल, पटना और दिल्ली में भी छापेमारी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी में आयकर विभाग के तीन सौ से अधिक अधिकारी और कर्मचारी तथा एसएसबी के जवान शामिल थे। टैक्स चोरी के मामले में यह छापेमारी की गई है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

---

प्रदेश में पछुआ हवा की रफ्तार बढ़ने के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों में मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने कल सुपौल, अररिया, पूर्णिया, पटना, बक्सर और लखीसराय समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।